फ्लो के इंदौर चेप्टर का शुभारंभ

आसपास के शहरों की महिला उद्यमियों ने लिया भाग

इंदौर। इंदौर में फिक्की लेडिज आर्गेनाइजेशन के 11वें चेप्टर के शुभारंभ बुधवार को किया गया। इस अवसर पर फिक्की लेडिज आर्गेनाइजेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष नीता बूरचा, वूमन वीव चेरिटेबल ट्रस्ट की सीईओ तथा संस्थापक सॅली होल्कर, इंदौर की पूर्व महापौर उमा शशि शर्मा तथा इंदौर की डॉ. दिव्या गुप्ता सम्माननीय अतिथि के रूप में उपस्थित थी। इंदौर तथा आसपास के शहरों की कई गतिशील महिला उद्यमियों तथा प्रोफेशनल्स सहित बड़ी संख्या में गणमान्य महिलाएं उपस्थित थी।

फ्लो की राष्ट्रीय अध्यक्षा नीता बूचरा ने बताया कि फ्लो का मुख्य कार्य महिलाओं के कौशल को बढाने तथा आर्थिक सशक्तिकरण के लिए अवसर निर्मित करने के लिए कौशल विकास पहलों पर केन्द्रित है। फ्लो का उद्देश्य इंदौर में महिला उद्यमियों और प्रोफेशनल्स को बढावा देना तथा उन्हें पेशेवर रूप से विकसित होने में मदद करना है। फ्लो भारत के कार्पोरेट सेक्टर्स तथा भारत सरकार के अलावा एफएलओ का कॉंफिडिरेशन आफ एशिया-पेसिफिक चेम्बर्स आफ कामर्स एण्ड इण्डस्ट्री (सीएसीसीआई), वूमन इंटरप्रिन्योर्स काउंसिल (सीडब्ल्यूईसी), सार्क चेम्बर वूमन इंटरप्रिन्योर्स काउंसिल (एससीडब्ल्यूईसी), आदि के साथ भी कार्य करता रहा है।

कार्यक्रम में आरती सांघी को इंदौर चेप्टर की पहली अध्यक्षा घोषित किया गया। सुश्री सांघी ने कहा कि इस कार्य को आगे बढाने और अपना श्रेष्ठतम योगदान प्रदान करने लिए मुझे आप सभी के सहयोग तथा समर्थन की आवश्यकता है।